# बिहार विधान-सभा वादवृत्त

## बुधवार, तिथि 25 जुलाई, 1990 ई०

(भाग-1 कार्यवाही प्रश्नोत्तर)

भारत के संविधान के उपबन्ध के अनुसार एकत्र विधान-सभा का कार्य-विवरण ।

सभा का अधिवेशन पटना के सभा सदन में बुधवार, तिथि 25 जुलाई, 1990 ई० को पूर्वाह्न 11.00 बजे अध्यक्ष श्री गुलाम सरवर के सभापतित्व में प्रारम्भ हुआ।

---

पटना
तिथि : 25 जुलाई, 1990 ई०

चन्द्रशेखर शर्मा
सचिव
बिहार विधान-सभा

---

## "प्राक्कलन की स्वीकृति"

2036. क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

श्री जगदानन्द सिंह :

(1) क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला अन्तर्गत अरियारी प्रखंड में हुसैनाबाद सिंचाई योजना एवं मणिडा सिंचाई योजना से संबंधित कार्यों का प्राक्कलन स्वीकृत हेतु अभियंता प्रमुख के पास विगत दो महीना से लम्बित है;

(1) उत्तर अस्वीकारात्मक है। अभियंता प्रमुख के द्वारा गैर योजना मद से आवंटन प्रमंडलवार किया गया है। जिसमें प्राक्कलन की स्वीकृति का दायित्व क्षेत्रीय पदाधिकारियों का ही है।

(2) यदि उपर्युक्त खंड के उत्तर स्वीकारात्मक है तो सरकार उक्त दोनों प्राक्कलन पर स्वीकृति देकर आवश्यक राशि आवंटित करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक और नहीं तो क्यों?

(2) दोनों प्राक्कलन स्वीकृत करने के लिए अधीक्षक अभियंता एवं मुख्य अभियंता स्वयं सक्षम है। गैर योजना मद में आवंटित राशि से कार्य कराने का आदेश विभाग द्वारा मुख्य अभियंता को दे दिया गया है।

---

## "श्री शर्मा का स्थानान्तरण"

2038. श्री देवनाथ प्रसाद : क्या मंत्री, भवन निर्माण एवं आवास विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

प्रभारी मंत्री :

(1) क्या यह बात सही है कि श्री रामानुज शर्मा कनीय

(1) उत्तर स्वीकारात्मक है।